आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति आईआईटी जोधपुर के 10वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। समारोह में 1 हजार 84 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की जायेंगी। समारोह की अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ.एएस किरण कुमार करेंगे। वहीं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और इंडिया फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव भी समारोह में मौजूद रहेंगे। इस दौरान आईआईटी जोधपुर में एआईओटी फैब और इलेक्ट्रोनिक निर्माण इकाई का उद्घाटन भी किया जायेगा।

..........................

जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल की ओर से प्रशिक्षु दीक्षांत परेड समारोह का आज आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। चंदन सिंह चंदेल स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने नव आरक्षों को सम्मानित किया। इस मौके पर श्री शेखावत ने कहा कि बीएसएफ देश की सीमाओं की रक्षा के लिए मुस्तेदी से काम कर रहा है। बीएसएफ जवानों की देशसेवा और समर्पण सराहनीय है।

..........................

जयपुर हवाई अड्डे का टर्मिनल–1 फिर से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज इसका उद्घाटन करेंगे। करीब 11 साल बाद इस टर्मिनल पर उडानों का संचालन फिर से शुरू हो जायेगा। टर्मिनल–1 को नई साज सज्जा के साथ हेरिटेज लुक दिया गया है। वर्ष 2013 में टर्मिनल–1 को बंद कर दिया था। इसके बाद से सभी उडाने टर्मिनल–2 से ही संचालित की जा रही थी।

..........................

जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आज से दो दिन के फोर्टी एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के इस एक्सपो का उद्घाटन करेंगी।

कल उन्होंने एक्सपो का पोस्टर जारी किया। फोर्टी विमन विंग की अध्यक्ष अलका गौड़ ने बताया कि इस एक्सपो में प्रदेशभर की महिला उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। वहीं महिला हस्तशिल्पियों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। राज्य सरकार की " वन डिस्ट्रिक्ट – वन प्रोडक्ट " स्कीम के तहत प्रदेश के सभी 50 जिलों के पहचान वाले उत्पादों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा।

..........................

प्रदेशभर में रोशनी के त्यौहार दीपोत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही है। बाजारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सजावट शुरू हो रही है। भरतपुर में प्रमुख बाजारों, ऐतिहासिक इमारतों को सजाने का काम किया जा रहा है और जलाशयों तथा कुण्डो को भी रोशनी से सराबोर किया जा रहा है। उधर स्वर्ण नगरी जैसलमेर में भी दीपोत्सव को लेकर आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। सैलानियों की अच्छी आवक को देखते हुए पर्यटन कारोबारी विशेष इंतजाम कर रहे है। उधर भीलवाडा में भी दीपाावली के त्यौहार को लेकर व्यापारियों ने बाजारों में सजावट शुरू कर दी हैं।

..........................

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत अलवर में फूड सेफ्टी वाहन के जरिये खाद्य पदार्थो की जांच की जा रही है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति खाने पीने की चीजों की जांच कुछ ही देर में करवा सकता हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर ने बताया कि ये वेन शहर में दो दिन तक रहेगी। इसके माध्यम से मिलावटखोरी रोकने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उधर कोटपूतली बहरोड़ में खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से साढे पांच सौ किलो मिलावटी घी जब्त किया गया और बानसूर में 200 किलो दूषित पनीर मौके पर नष्ट करवाया गया।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर सुबह 11 बजे किया जाएगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों और न्यूज ऑन एआईआर एप पर भी उपलब्ध रहेगा।

..........................

प्रदेश के 7 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए 94 उम्मीदवारों की ओर से 118 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि सबसे ज्यादा 21 उम्मीदवारों ने दौसा में और सबसे कम 7 उम्मीदवारों ने सलूम्बर में नामांकन भरा है। श्री महाजन ने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच करेंगे और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

..........................